कानपुर नगर निगम

मा0 कार्यकारिणी समिति की बैठक हेतु कार्य–सूची एवं सम्बद्ध विवरण

दिनांक 02.01.2019 दिन बुधवार

समय पूर्वान्ह 11.00 बजे

स्थानः नगर निगम समिति कक्ष, मोतीझील, कानपुर

कार्यालय सचिव नगर निगम
नगर निगम,कानपुर

पत्र संख्या :–डी/214 /सचिव (न0नि0)/2018–19 दिनांक :– 29/12/18

मा0 महापौर जी के निर्देशानुसार कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 02.01.2019 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित समिति कक्ष में आहूत की गयी है।

अतः बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करे।

(हस्ताक्षर) 29/12/18
सचिव,नगर निगम

मा0 सदस्य

1.	श्रीमती प्रमिला पाण्डेय	महापौर/सभापति	8.	श्री गोपाल गुप्ता	सदस्य
2.	श्री नवीन पंडित	सदस्य/उप सभापति	9.	श्री गुरू नारायण गुप्ता	सदस्य
3.	श्री मो0 अमीम	सदस्य	10.	श्री अभिषेक गुप्ता	सदस्य
4.	श्री जय प्रकाश पाल	सदस्य	11.	श्रीमती रीता पासवान	सदस्य
5.	श्री जितेन्द्र	सदस्य	12.	श्री महेन्द्र पाण्डेय "पप्पू"	सदस्य
6.	श्री सन्तोष साहू	सदस्य	13.	श्री लियाकत अली	सदस्य
7.	श्री विजय यादव	सदस्य			

कार्य–सूची

1.नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा–51 की उप धारा (5) एवं (6) में प्राविधानित/विहित व्यवस्था के तहत छः सदस्यों को सेवा निवृत्त किया जाना।

2.अन्य विषय मा0 सभापति की अनुमति से।

दिनांक– 02.01.2019 दिन बुद्धवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति

1.	श्रीमती प्रमिला पाण्डेय	महापौर / सभापति
2.	श्री नवीन पण्डित	पार्षद / उप सभापति
3.	श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू'	पार्षद / सदस्य
4.	श्री मो0 अमीम	पार्षद / सदस्य
5.	श्री संतोष साहू	पार्षद / सदस्य
6.	श्री जितेन्द्र	पार्षद / सदस्य
7.	श्री विजय यादव	पार्षद / सदस्य
8.	श्री गोपाल गुप्ता	पार्षद / सदस्य
9.	श्री गुरू नारायण गुप्ता	पार्षद / सदस्य
10.	श्रीमती रीता पासवान	पार्षद / सदस्य
11.	श्री लियाकत अली	पार्षद / सदस्य

अधिकारीगण

1.	श्री संतोष कुमार शर्मा	नगर आयुक्त
2.	श्री अमृतलाल बिन्द	अपर नगर आयुक्त 'प्रथम'
3.	श्री अरविन्द राय	अपर नगर आयुक्त 'द्वितीय'
4.	श्री रमेश चन्द्र निरंजन	मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
5.	श्री अमित सिंह गौर	नगर स्वास्थ्य अधिकारी
6.	श्री अशोक कुमार	प्रभारी मुख्य अभियन्ता 'सिविल'
7.	डॉ0 ए0के0 सिंह	पशु चिकित्साधिकारी
8.	श्री संजय सिन्हा	महाप्रबन्धक 'जलकल'
9.	श्री आर0के0पाल	प्रभारी अधिकारी 'मार्गप्रकाश'

सभापति ने नव आंग्ल वर्ष की शुभकामनायें सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को देते हुये नगर आयुक्त को बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये साथ ही अवगत कराया कि आज निर्वाचित कार्यकारिणी समिति के 06 सदस्यों को सेवानिवृत्त होना है, तद्नुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–51 की उपधारा (5) एवं (6) के आलोक में कार्यवाही करायें।

नगर आयुक्त ने भी समिति के सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनायें एवं बधाई देते हुये अवगत कराया कि नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–51 की उपधारा (5) में प्राविधानित "कार्यकारिणी समिति के आधे सदस्य प्रत्येक अनुगामी वर्ष में उस महीने की पहली तारीख के मध्यान्ह में, जिसमें कि उपधारा (4) में उल्लिखित सदन (निगम) का पहला अधिवेशन निष्पन्न हुआ था, सेवानिवृत्त हो जाया करेंगे" तथा उपधारा (6) में विहित प्राविधानों के तहत "वे सदस्य, जो उपधारा (5) के अधीन अपने उपधारा (4) के अन्तर्गत निर्वाचन के एक वर्ष पश्चात् सेवानिवृत्त हो, उपधारा (5) में निर्दिष्ट सेवानिवृत्त के पूर्व ऐसे समय और रीति से, जिसे कार्यकारिणी समिति का सभापति अवधारित करे, लाटरी डालकर निर्धारित किये जायेंगे।"

सभापति ने अधिनियम में विहित एवं प्राविधानित प्रावधानों के तहत नगर आयुक्त को 12 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की नाम की पर्ची तैयार कर लाटरी डालने एवं किसी सदस्य के माध्यम से छः पर्चियों को निकलवाकर तद्नुसार निकली हुई छः नाम की पर्चियों वाले सदस्यों को सेवानिवृत्त कराने के निर्देश दिये।

नगर आयुक्त ने सचिव नगर निगम को कार्यकारिणी समिति के 12 सदस्यों के नाम की पर्चियॉ तैयार करवाते हुये बॉक्स में डालकर सभापति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

सचिव, नगर निगम श्री राधेश्याम पटेल ने कार्यकारिणी समिति के 12 सदस्यों के नाम की पर्चियॉ तैयार कर सभी सदस्यों को दिखाया। सभापति के निर्देशानुसार श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा पर्चियो को मोड़कर बॉक्स में डाला गया तदोपरान्त श्री मो0 अमीम एवं अन्य सदस्यों द्वारा क्रमशः एक–एक कर 06 पर्चियाँ निम्नवत् निकाली गई :–

1. श्री अभिषेक गुप्ता
2. श्री गुरू नारायण गुप्ता
3. श्री गोपाल गुप्ता
4. श्री नवीन पण्डित
5. श्री विजय यादव
6. श्री संतोष साहू

सभापति ने उपरोक्त छः सदस्यों के सेवानिवृत्त होने के पश्चात् शेष छः सदस्यों के नाम 1. श्री मो0 अमीम, 2. श्री जयप्रकाश पाल, 3. श्री जितेन्द्र, 4. श्रीमती रीता पासवान, 5. श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू', एवं 6. श्री लियाकत अली घोषित करते हुये अवगत कराया कि शीघ्र सदन की बैठक बुलाकर नई समिति का गठन किया जायेगा।

सभापति ने सभी सदस्यों से आज दिनांक 02.01.2019 को सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हेतु अपना–अपना अभिमत व्यक्त करने हेतु कहा।

.... **सभी सदस्यों द्वारा आज दिनांक 02.01.2019 को सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।**

इसी के साथ बैठक का समापन हुआ।

(प्रमिला पाण्डेय)
महापौर / सभापति